Dr. Juneja's EYE Mantra ®

दीजिए अपनी आँखों को कुदरती आई मंत्रा

प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रोप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रोप, आंखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों में थकान, ज़ोर पड़ना, जलन, दर्द, आँख आना, आँखों में सूजन इत्यादि को दूर करने में सहायता करता है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आंखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।



Tel. 0171-3055299

एशियाई विकास बैंक ने मंजूरी दी, फंड मिलने के बाद परियोजना में आएगी तेजी

# रैपिड रेल के लिए 7500 करोड़ का कर्ज मंजूर

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) द्वारा कार्यान्वित दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर के लिए एक बिलियन डॉलर (लगभग 7500 करोड़ रुपये) के कर्ज को मंजूरी दी है।

एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह ने कहा कि एडीबी द्वारा हाई स्पीड, उच्च क्षमता वाले दिल्ली मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए 1.049 बिलियन डॉलर के फंडिंग पैकेज को मंजूरी दी गई है। फंड मिलने के बाद दिल्ली मेरठ के बीच रैपिड रेल परियोजना रफ्तार पकड़ेगी।

आरआरटीएस परियोजना के लिए एडीबी से लोन, अगस्त 2020 और मई 2025 के बीच कई चरणों में प्राप्त होगा। एडीबी से प्राप्त ऋण का उपयोग दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के सिविल निर्माण, ट्रैक, स्टेशन बिल्डिंग, मल्टी-मॉडल हब, डिपो, ट्रैक्शन, बिजली आपूर्ति आदि के लिए किया जाएगा।

इसके अलावा, बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगजनों की सुरक्षित यात्रा, महिलाओं के लिए आर्थिक अवसरों में सुधार करने के लिए और आरआरटीएस स्टेशनों के आसपास सार्वजनिक शौचालयों के प्रावधान के लिए एडीबी द्वारा कई तरह के अनुदान के माध्यम से आठ मिलियन डॉलर (लगभग 60 करोड़ रुपये) का लोन दिया जाएगा।

**आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल :** परियोजना में कई अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल होगा, जिनमें 160 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति के साथ कई तरह की तकनीक शामिल है। रैपिड रेल का डिजाइन और निर्माण भारत सरकार के मेक-इन-इंडिया पहल के तहत गुजरात के सावली में किया जा रहा है। आरआरटीएस स्टेशन परिवहन के अन्य केंद्रों जैसे मेट्रो स्टेशन, बस अड्डों, रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डों से निर्बाध तरीके से जुड़ेंगे।

### दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेल परियोजना

**पांच फायदे**

- एक लाख निजी वाहन कम हो जाएंगे
- 13 हजार करोड़ ईंधन पर बचेंगे
- गाजियाबाद मेरठ के बीच 63 फीसदी हादसे कम होने की उम्मीद
- 800 टन प्रतिवर्ष ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन कम होगा
- 58% ट्रैफिक जाम कम हो जाएगा




**22** स्टेशन होंगे दिल्ली मेरठ कॉरिडोर पर

**पांच खूबियां**

- ट्रेन 3 कोच के सेट में चलेगी, 9 कोच तक बढ़ेगी
- हर ट्रेन में लेडीज स्पेशल कोच आरक्षित
- रैपिड रेल में बिजनेस क्लास की सुविधा भी होगी
- कई जगह रैपिड रेल और मेट्रो ट्रेन जुड़ेगी
- मेरठ में मेट्रो ट्रेन भी इसी ट्रैक पर चलेगी

**रफ्तार**

**160** किलोमीटर प्रति घंटा होगी रफ्तार | **100** किलोमीटर औसत गति होगी

**समय**

**55** मिनट में निजामुद्दीन दिल्ली से मेरठ का सफर

**दूरी**

**82** किलोमीटर होगी दिल्ली–मेरठ ट्रैक की लंबाई

**स्टेशन**

**20** फीसदी स्टेशन दिल्ली से मेरठ के बीच अंडरग्राउंड

**यात्री**

**7.4** लाख यात्री रोजाना सफर करेंगे रैपिड रेल में

पहला चरण (साहिबाबाद से दुहाई) 2023 तक पूरा होगा, यह चरण 17 किलोमीटर लंबा है। परियोजना 2025 में पूरी तरह समाप्त होगी।

### सराय काले खां सबसे बड़ा स्टेशन होगा

दिल्ली मेरठ ट्रैक पर सराय काले खां सबसे बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। यहां मेट्रो और बस अड्डे को भी रैपिड रेल से जोड़ा जाएगा। रिंग रोड पर रैपिड रेल स्टेशन एलिवेटिड होगा। यह सबसे बड़ा परिवहन केंद्र होगा।

## आपत्तिजनक पोस्ट पर पत्रकार गिरफ्तार

**नई दिल्ली/लखनऊ (व.सं.)।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में हजरतगंज पुलिस ने पत्रकार व एक्टिविस्ट प्रशांत कनौजिया को मंगलवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि प्रशांत ने राम मंदिर के संबंध में एक ट्वीट करते हुए जाति वर्ग को बांटने वाली टिप्पणी की थी।

दोपहर में किशनगंज थाने में लिखापढ़ी के बाद पुलिस टीम प्रशांत को लेकर लखनऊ के लिए रवाना हो गई है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार पांडेय ने बताया कि सोमवार को दक्षिणी चौकी इंचार्ज दिनेश शुक्ला ने प्रशांत कनौजिया के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था।

## साप्ताहिक बाजार पर फैसला आज

**नई दिल्ली (प्र.सं.)।** दिल्ली में होटल, साप्ताहिक बाजार और जिम खोलने पर बुधवार को फैसला हो सकता है। माना जा रहा है कि उप राज्यपाल अनिल बैजल की अध्यक्षता में होने वाली दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में इस पर सकारात्मक फैसला लिया जा सकता है।

होटल और साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने वालों को मंगलवार के दिन मायूसी हाथ लगी। मंगलवार को दिल्ली आपदा प्रबंधन की बैठक होने वाली थी। लेकिन, तकनीकी कारणों से यह बैठक नहीं हो सकी।

अब दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बुधवार को बैठक होगी। इसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन और तमाम शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे।

# आर्थिक तंगी के चलते मेट्रो ने वेतन घटाया

कोरोना असर

**फैसला**

- अगस्त से मिलने वाले भत्तों में की 50 फीसदी की कटौती
- 146 दिन से कोरोना के चलते मेट्रो का परिचालन बंद पड़ा है

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

146 दिन से बंद पड़ी मेट्रो ने आर्थिक नुकसान के चलते अपने कर्मचारियों का वेतन घटाने का फैसला किया है। मेट्रो ने मंगलवार को आर्थिक हालात ठीक नहीं होने का हवाला देते हुए अगस्त से भत्तों में 50 फीसदी कटौती का आदेश जारी कर दिया है।

मेट्रो की ओर से जारी एक आदेश में कहा गया है कि मेट्रो का परिचालन नहीं होने से आर्थिक हालत ठीक नहीं है। इसके चलते अगस्त माह से मिलने वाले भत्तों में 50 फीसदी की कटौती की जा रही है। यह कटौती अगले आदेश तक जारी रहेगी। मेट्रो ने इस आदेश की पुष्टि की है, मगर इसपर कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया।

लॉकडाउन के बाद से मेट्रो बंद है। मेट्रो बंद होने से डीएमआरसी को परिचालन से मिलने वाले 10 करोड़ रुपये के राजस्व का रोज नुकसान हो रहा है। इस तरह 146 दिन से बंद मेट्रो का 1460 करोड़ का घाटा हो चुका है।

**लोन चुकाने के लिए मांग चुकी है मदद :** दिल्ली मेट्रो के पास लोन चुकाने के लिए पैसे नहीं है। मेट्रो प्रबंधन ने बीते दिनों केंद्र सरकार से इसके लिए पैसा भी मांगा था। मेट्रो को इस साल 1200 करोड़ से अधिक लोन चुकाना है और मेट्रो ने इसमें असमर्थता जताई है।

## क्या हंगर सेंटर की जरूरत है : कोर्ट

**नई दिल्ली (प्र.सं.)।** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण को पता लगाकर बताने को कहा है कि क्या अब भी 'हंगर केंद्र' जारी रखने और गैर राशन कार्ड धारकों को दोबारा से राशन वितरित करने की जरूरत है।

लॉकडाउन में दिल्ली सरकार ने भूखे लोगों को भोजन मुहैया कराने के लिए हंगर केंद्र शुरू किया था। मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना के तहत गैर राशन कार्डधारकों के लिए राशन वितरण शुरू किया गया था।

जस्टिस हीमा कोहली और एस. प्रसाद की पीठ ने दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण को यह आदेश एक गैर सरकारी संगठन की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। पीठ ने प्राधिकरण को दिल्ली सरकार के जवाब का निरीक्षण करने और मौजूदा हालात को ध्यान में रखते हुए स्वतंत्र रूप से सर्वे करके रिपोर्ट पेश करने को कहा है। गैर सरकारी संगठन 'रोजी रोटी अधिकार अभियान' की याचिका पर यह निर्देश दिया है।

पीढ़ी दर पीढ़ी - बच्चों की स्वास्थ्य रक्षक

आ...हा... मीठी-मीठी

मुग़ली घुट्टी 555




स्वस्थ बच्चा - सुखी बचपन

श्रीराम आयुर्वेद भवन, दिल्ली

www.mg555.com

आसान व प्रभावी तरीके से

अपने व्यापार के लिए लाएं नए ग्राहक



एचटी मीडिया ग्रुप आपके लिए लेकर आया है एडवर्क्स, यह एक सदस्यता आधारित कार्यक्रम है, जिसमें आप चुन सकते हैं अपने लिए किफायती मीडिया प्लान, वह भी अपनी जरूरत के अनुसार। **अधिक जानकारी के लिए हमारे डिजिटल कार्यक्रम से जुड़ें और पाएं सुनिश्चित उपहार।**

HT adworks
GROW YOUR BUSINESS

- विभिन्न माध्यमों के लिए विशेष रूप से बनाए गए मीडिया प्लान
- एसएमई, एमएसएमई और स्टार्टअप्स के लिए शानदार पेशकश
- रेडियो, प्रिंट और डिजिटल माध्यमों पर विज्ञापनों के प्रबंधन के लिए एक मंच की सुविधा
- प्रभावी पहुंच के लिए सिलेक्टिव टारगेटिंग
- विशेषज्ञों से सीधे ऑनलाइन बातचीत करें
- भव्य रिवार्ड प्रोग्राम


रजिस्टर करने के लिए www.htadworks.com पर लॉगइन करें या फिर 044-46313399 पर मिस्ड कॉल करें।

रजिस्टर करने के लिए **क्यूआर कोड** स्कैन करें।

जल्दी करें! सीमित सीटें उपलब्ध हैं
4876 रजिस्टर हो चुके हैं

POWERED BY
hindustantimes | हिन्दुस्तान | mint | HT DIGITAL STREAMS LIMITED | Fever FM | 107.2 Radio Nasha | 94.3 Radio One

PETRONET LNG LIMITED



पिछली तिमाही Q4, वित्त वर्ष 2019 – 20 से वर्तमान के तिमाही Q1, वित्त वर्ष 2020 – 21 के पीबीटी में
**43% वृद्धि**

पिछली तिमाही Q4, वित्त वर्ष 2019 – 20 से वर्तमान के तिमाही Q1, वित्त वर्ष 2020 – 21 के पीएटी में
**45% वृद्धि**

भारत की ऊर्जा परिदृष्य को बदलने में अग्रसर

**30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश** (रु. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष |
| | | 30-जुन-20 | 31-मार्च-20 | 30-जुन-19 | 31-मार्च-20 | 30-जुन-20 | 31-मार्च-20 | 30-जुन-19 | 31-मार्च-20 |
| | | अनंकेक्षित | अंकेक्षित | अनंकेक्षित | अंकेक्षित | अनंकेक्षित | अंकेक्षित | अनंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 4,88,357 | 8,56,715 | 8,61,344 | 35,45,200 | 4,88,357 | 8,56,715 | 8,61,344 | 35,45,200 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर एवं अपवादात्मक मदों से पूर्व) | 69,660 | 48,625 | 83,792 | 3,18,271 | 67,616 | 50,043 | 83,959 | 3,18,846 |
| 3. | कर पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ (अपवादात्मक मदों के बाद) | 69,660 | 48,625 | 83,792 | 3,11,065 | 67,616 | 50,043 | 83,959 | 3,11,640 |
| 4. | कर पश्चात सामान्य गतिविधियों से शुद्ध लाभ | 52,023 | 35,902 | 56,027 | 2,69,760 | 49,979 | 37,320 | 56,194 | 2,70,335 |
| 5. | अन्य व्यापक आय | - | (237) | - | (237) | - | (278) | (2) | (283) |
| 6. | कुल व्यापक आय | 52,023 | 35,665 | 56,027 | 2,69,523 | 49,979 | 37,042 | 56,192 | 2,70,052 |
| 7. | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,50,000 | 1,50,000 | 1,50,000 | 1,50,000 | 1,50,000 | 1,50,000 | 1,50,000 | 1,50,000 |
| 8. | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | 9,45,297 | - | - | - | 9,62,092 |
| 9. | प्रति शेयर अर्जन (अंकित मूल्य रु. 10/– प्रति) | | | | | | | | |
| | क) मूल (रु.) | 3.47 | 2.39 | 3.74 | 17.98 | 3.33 | 2.49 | 3.75 | 18.02 |
| | ख) द्रवित (रु.) | 3.47 | 2.39 | 3.74 | 17.98 | 3.33 | 2.49 | 3.75 | 18.02 |
| | | (गैर–वार्षिकीकृत) | | | (वार्षिकीकृत) | (गैर–वार्षिकीकृत) | | | (वार्षिकीकृत) |

नोटः
1. उपरोक्त परिणामों की लेखापरीक्षा समिति ने समीक्षा कर ली है और कम्पनी के निदेशक मंडल ने 17 अगस्त, 2020 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किया है। कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने उपरोक्त परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
2. उपरोक्त सेबी (सूचीयन एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में प्रस्तुत 30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों के विवरण के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। अनंकेक्षित स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, दि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और कम्पनी की वेबसाइट (www.petronetlng.com) पर उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
हस्ता./–
विनोद कुमार मिश्रा
निदेशक (वित्त)
डीआईएनः 08125144

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 17 अगस्त, 2020

सीआईएनः L74899DL 1998PLC093073
प्रथम तल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाबर रोड, बाराखम्बा लेन, नई दिल्ली–110001
www.petroneting.com

PETRONET LNG FOUNDATION
304, तीसरा तल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाबर रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, भारत, फोन +91-11-23415512
ई–मेलः info@petronetlngfoundation.org
वेबसाइट : www.petronetlngfoundation.org | सीआईएन : U85320DL2017NPL315422

Taral GAS